Social Justice Union

दैनिक

# न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक दैनिक हो गया है। इसका सर्वे का कार्य आगे भी तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्व की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO :- CHHHIN/2018/76480 ‖ Postal Registration No-055/Raigarh DN CG ‖ रायगढ़, सोमवार 29 अप्रैल 2019 ‖ पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए ‖ वर्ष-01, अंक-206

## ब्रह्मोस मिसाइल को हवा में छोड़ने की तैयारी पूरी

### भारतीय वायुसेना की और बढ़ेगी ताकत




**नई दिल्ली(आरएनएस)।** देश की हवाई क्षमता को बढ़ाने के लिए भारतीय वायुसेना और रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने ब्रह्मोस मिसाइल को हवा में छोड़ने की तैयारी पूरी कर ली है। इसका परिक्षण अगले सप्ताह हो सकता है। इस परीक्षण के दौरान मिसाइल को रूस निर्मित सुखोई एसयू-30एमकेआई लड़ाकू विमान से फायर किया जाएगा।

मिली जानकारी के अनुसार इस मिसाइल के हवा से छोड़े जाने वाले संस्करण का अगले सप्ताह देश के दक्षिण हिस्से में किया जाएगा, जिससे एसयू-30 लड़ाकू विमान के साथ इस मिसाइल का समन्वय भी साबित हो जाएगा। गौर हो कि डीआरडीओ ने ब्रह्मोस के इस संस्करण को पूरी तरह स्वदेशी तरीके से विकसित किया है।

सूत्रों ने बताया कि इस तरह की मिसाइल का इस्तेमाल बालाकोट जैसी एयर स्ट्राइक करने के लिए किया जा सकता है, जिसमें इस बार भारतीय विमानों को लक्ष्य भेदने के लिए दुश्मन की सीमा में घुसने की भी आवश्यकता नहीं पड़ेगी।

आपको बता दें कि वायुसेना ने 26 फरवरी को पाकिस्तान की सीमा में बेहद अंदर तक घुसकर बालाकोट में आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के प्रशिक्षण शिविर पर एयर स्ट्राइक की थी। इसमें वायुसेना ने मिराज-2000 लड़ाकू विमान से स्पाइस-2000 बमों का इस्तेमाल मदरसे में चल रहे शिविर को ध्वस्त करने के लिए किया था।

## तूफान फानी दक्षिणी राज्यों में मचा सकता है तबाही

### » मौसम विभाग ने जारी किया अलर्ट



नईदिल्ली,28 अप्रैल (आरएनएस)। भारतीय मौसम विभाग ने दक्षिणी राज्यों में चक्रवाती तूफान 'फानी' का अलर्ट जारी किया है. आईएमडी के मुताबिक हिंद महासागर और दक्षिणपूर्व बंगाल की खाड़ी में बना दबाव वाला क्षेत्र उत्तर पश्चिम की ओर बढ़ गया है.

अगले 24 घंटों के दौरान चक्रवाती तूफान और फिर प्रचंड चक्रवाती तूफान में बदल जाने की आशंका है. मछुआरों को सलाह दी गई है वे रविवार को समुद्र में न जाएं. क्षेत्रीय चक्रवात चेतावनी केंद्र के निदेशक एस. बालचंद्रन ने कहा कि 'फानी' के अगले 24 घंटे में एक प्रचंड चक्रवाती तूफान में बदलने की आशंका है.

रिपोर्ट के अनुसार इसके1 मई तक उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ने की बहुत संभावना है और इसके बाद धीरे-धीरे उत्तर-पूर्व की ओर फिर से बढ़ेगा.

बालचंद्रन ने कहा कि बांग्लादेश की सलाह पर तूफान का नाम 'फानी' रखा गया है. मौसम विभाग के अनुसार तमिलनाडु और पुडुचेरी तटों, कोमोरिन इलाके, मन्नार की खाड़ी और केरल के तटों पर 30-40 किमी से 50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चल सकती है.

आईएमडी ने कहा कि अगले दो दिनों में भूमध्यरेखीय हिंद महासागर और उससे सटे दक्षिण पश्चिम बंगाल की खाड़ी में हवा की रफ्तार बढ़कर अधिकतम 145 किमी प्रति घंटे तक हो सकती है. इन क्षेत्रों के समुद्र में काफी ऊंची लहरें उठती देखी गई.

## महत्वपूर्ण एवं खास

### गुरदासपुर लोकसभा सीट से बीजेपी उम्मीदवार सन्नी देओल ने पीएम मोदी से की मुलाकत



**नई दिल्ली।** पंजाब के गुरदासपुर लोकसभा सीट से बीजेपी उम्मीदवार और अभिनेता सन्नी देओल ने पीएम मोदी से की मुलाकत । पीएम मोदी ने ट्वीट कर कहा- मैंने जो कुछ भी लिखा है, उसके बारे में सन्नी देओल एक बेहतर भारत के लिए उनकी विनम्रता और गहरा जुनून है। आज उनसे मिलकर खुशी हुई। हम सभी गुरदासपुर में उसकी जीत के लिए तैयार हैं! हम दोनों सहमत हैं- हिन्दुस्तान जिंदाबाद, है, और रहेगा।

### निर्माण कार्य में लगी क्रेन गिरने से चार लोगों की मौत

**सिएटल (अमेरिका)।** सिएटल में व्यवसायिक स्थल पर शनिवार को निर्माण कार्य में लगी एक क्रेन गिरने से चार लोगों की मौत हो गई और तीन लोग घायल हो गए। सिएटल के अग्निशमन विभाग ने बताया कि दमकल विभाग के मौके पर पहुंचने से पहले ही उन चारों की मौत हो गई थी। क्रेन गिरने से पांच कारें उसके नीचे दब गईं। विभाग ने बताया कि तीन लोगों को अस्पताल ले जाया गया है। दोपहर करीब तीन बजे के बाद मर्सर स्ट्रीट और फेयरव्यू एवेन्यू के चौराहे पर इंटरस्टेट5 के पास क्रेन गिर गई थी। 'द सिएटल टाइम्स' ने अपनी रिपोर्ट में घटनास्थल के पास ही एक इमारत में काम करने वाली बायोटेक शोधकर्ता एस्थर नेल्सन के हवाले से बताया कि हवा बहुत तेज चल रही थी। ऐसा प्रतीत होता है कि क्रेन बीच से टूट गई है।

### यहूदी प्रार्थनास्थल पर भीषण गोलीबारी, एक की मौत- तीन घायल

**वाशिंगटन।** कैलिफोर्निया के शहर सैन डिएगो के समीप पोवेय में एक यहूदी उपासनागृह में गोलीबारी के दौरान एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि तीन घायल हैं। पोवेय के मेयर स्टीव वॉस ने कहा कि यह घटना घृणापूर्ण अपराध था। सैन डिएगो के अधिकारी बिल गोर ने कहा कि कैलिफोर्निया में यहूदी उपासनागृह में एक व्यक्ति ने गोलीबारी की जिससे कई लोग घायल हो गए। वॉस ने एमएसएनबीसी प्रसारक को बताया एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि 3 लोग घायल है। पीड़ितों में एक 60 वर्षीय महिला है, जिसकी अस्पताल में ही मौत हो गई। वहीं बाकी के तीन लोगों को गंभीर चोट आई हैं। एक पीड़ित की उम्र 57 साल है, जिसने अपनी दोनों तर्जनी उंगलियां खो दी हैं। वहीं 34 साल के एक व्यक्ति और एक लड़की भी इस गोलीबारी का शिकार हुए हैं। पुलिस के अनुसार संदिग्ध हमलावर को गिरफ्तार कर लिया गया और अब उससे पूछताछ की जा रही है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार हमलावर बुलेटप्रूफ बनियान और हेलमेट पहने हुए था। पीड़ितों की सूची में कई बच्चे और एक यहूदी धर्मगुरु शामिल हैं।

### दिग्विजय सिंह बोले- मैं कन्हैया कुमार का समर्थक

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह ने कहा है कि वह युवा नेता और बेगूसराय से सीपीआई के प्रत्याशी कन्हैया कुमार के समर्थक हैं। यही नहीं दिग्विजय ने यह भी कहा कि उन्होंने अपनी पार्टी में भी इस बात को कहा है कि आरजेडी ने बहुत बड़ी गलती (बेगूसराय से उम्मीदवार उतारकर) की है। इस दौरान सिंह ने दावा किया कि उन्होंने इस सीट को महागठबंधन की तरफ से सीपीआई के खाते में देने की अपनी तरफ से पूरी कोशिश भी की थी। बिहार में जेएनयू छात्रसंघ के पूर्व अध्यक्ष और युवा नेता कन्हैया कुमार बेगूसराय से चुनावी मैदान में हैं। कन्हैया के सामने बीजेपी की तरफ से फायर ब्रैंड नेता गिरिराज सिंह हैं। शुरू में यह चर्चा थी कि इस सीट पर महागठबंधन किसी उम्मीदवार को नहीं उतारकर कन्हैया को मौका देगा लेकिन बाद में आरजेडी ने इस सीट पर तनवीर हसन को उतारकर मुकाबला त्रिकोणीय कर दिया।

## आईएस ने श्रीलंका में मारे गए 17 लोगों की जिम्मेदारी ली



**कोलंबो।** आतंकवादी संगठन इस्लामिक स्टेट (आईएस) ने श्रीलंका में तीन जिहादियों द्वारा च्घात लगाकर किए गए आक्रमणज की जिम्मेदारी ली है। आईएस का दावा है कि कल्मुनाई शहर में हुई गोलीबारी में 17 लोग मारे गए हैं, जबकि श्रीलंका प्रशासन ने 16 लोगों के मारे जाने की पुष्टि की है। रिपोर्ट के अनुसार, संगठन की आधिकारिक समाचार एजेंसी अल अमाक पर शनिवार को अरबी भाषा में जारी एक बयान में कहा गया कि कल्मुनाई में जहां सुरक्षा अभियान चलाया गया था, वहां 17 पुलिस अधिकारी मारे गए हैं।

इसके साथ ही अमाक ने हमले में शामिल दो कथित आतंकवादियों की तस्वीर भी जारी की है। वहीं, श्रीलंका सुरक्षा बल ने शनिवार को भी कई जगह छापेमारी की और घटना में 16 लोगों के मारे जाने की पुष्टि की। श्रीलंकाई सेना की रिपोर्ट के अनुसार, गुप्त सूचना के आधार पर की गई कार्रवाई के दौरान छह बच्चे, तीन महिला, एक नागरिक और छह आतंकवादी मारे गए थे।

अधिकारियों के अनुसार, अधिकांश मौतें छह आत्मघाती हमलावरों द्वारा खुद को विस्फोटक से उड़ाने की वजह से हुईं, जिसमें उनके परिवार के लोग ही मारे गए। पिछले सप्ताह रविवार को ईस्टर के मौके पर हुए सिलसिलेवार विस्फोटों के संबंध में करीब 100 लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

## सीबीआई ने संभाला पोलाची यौन उत्पीड़न मामले की जांच का जिम्मा




**नईदिल्ली (आरएनएस)।** सीबीआई ने तमिलनाडु में कोयंबटूर जिले के पोलाची शहर में एक महिला के कथित यौन उत्पीड़न और घटना का वीडियो बना कर उसे ब्लैकमेल करने के मामले की जांच का जिम्मा संभाल लिया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एजेंसी ने मामले में दो अलग-अलग प्राथमिकियां दर्ज की हैं- जिसमें से एक महिला के यौन उत्पीड़न से संबंधित है और दूसरा उसके भाई के साथ मारपीट से संबंधित। सीबीआई ने तमिलनाडु सरकार के आग्रह पर 12 मार्च को जांच का जिम्मा संभाल लिया। माना जा रहा है कि गिरोह ने तमिलनाडु में कई महिलाओं का यौन उत्पीड़न किया और उन्हें ब्लैकमेल किया। इस घटना को लेकर राज्य में काफी हंगामा भी मचा। सरकार ने तकनीकी विशेषज्ञता की जरूरत के साथ समर्पित जांच और अपराध की गंभीर प्रकृति के कारण विशेष रूप से ध्यान देने की जरूरत का हवाला देते हुए यौन उत्पीड़न और हमले का मामला राज्य सीबी-सीआईडी से लेकर सीबीआई को सौंपने को अपनी मंजूरी दी थी। गौरतलब है कि चेन्नई से 500 किलोमीटर दूर पोलाची के निकट एक कार के अंदर चार लोगों के एक गिरोह ने 12 फरवरी को एक युवती का कथित रूप से उत्पीड़न करने का प्रयास किया, इस कृत्य का एक वीडियो बनाया और उसे ब्लैकमेल किया। पीड़िता वहां से भागने में सफल रही और उसने पुलिस के समक्ष 24 फरवरी को मामला दर्ज कराया। सत्तारूढ़ अन्नाद्रमुक के एक स्थानीय कार्यकर्ता द्वारा पीड़िता के भाई पर कथित तौर पर हमले के बाद इस मामले ने राजनीतिक रंग ले लिया था। हमला करने वाले अन्नाद्रमुक के कार्यकर्ता को बाद में निलंबित कर दिया गया।

## आर्थिक संकट से जूझती पवन हंस ने अपने कर्मचारियों का वेतन रोका

**नई दिल्ली।** बीते एक दशक में देश की दो बड़ी विमान कंपनियों को बंद करना पड़ा है। किंगफिशर और जेट एयरवेजके बाद अब सरकारी क्षेत्र की पवनहंस हेलिकॉप्टर कंपनी पर भी संकट के बादल मंडरा रहे हैं। जेट एयरवेज की तरह ही पवनहंस लिमिटेड ( PHL ) की हालत इतनी खराब हो गई है कंपनी के पास अपने कर्मचारियों को सैलरी देने तक के पैसे नहीं है। कंपनी ने हाल ही में दिए अपने बयान में कहा है कि उसे वित्त वर्ष 2018-19 में करीब 89 करोड़ रुपए का घाटा हुआ है। इस घाटे और कंपनी पर करोड़ों रुपए के कर्ज के चलते कंपनी अब कर्मचारियों को सैलरी तक देने की स्थिति में नहीं है।

## होटल में मिली 25 साल की महिला की लाश, बॉयफ्रेंड पर हत्या का शक



**पणजी (आरएनएस)।** उत्तरी गोवा में अरपोरा स्थित एक होटल में एक महिला की एक महिला मृत पाई गई. घटना शनिवार की है. पुलिस को शक है कि मामला हत्या का है. पुलिस के मुताबिक, मृतका की पहचान अलका सैनी (25) के रुप में हुई है. उसने 20 अप्रैल को अपने बॉयफ्रेंड के साथ होटल में चेक इन किया था.

पुलिस के मुताबिक, होटल स्टाफ शनिवार को कमरे की साफ-सफाई के लिए गया, तभी उसने महिला की लाश देखी और पुलिस को इसकी सूचना दी. महिला के गले पर चाकू के निशान थे. पुलिस सूत्रों के अनुसार, होटल के सीसीटीवी फुटेज में दो व्यक्ति कमरे से बाहर आते हुए देखे गए.

पुलिस ने आरोपी को पकड़ने के लिए एयरपोर्ट, रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड पर छानबीन शूरू कर दी है. इस मामले में अंजुना पुलिस स्टेशन में हत्या का मामला दर्ज किया गया है.

होटल में हुई महिला की हत्या के मामले में पुलिस ने आरोपियों का पता लगाने के लिए अधिकारियों की एक टीम आंध्र प्रदेश और चंडीगढ़ भेजी है. एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी.

बताया जा रहा है कि पुलिस ने महिला के बॉयफ्रेंड सुखविंदर सिंह की पहचान कर ली है. वह चंडीगढ़ का रहने वाला है. सुखविंदर चार अज्ञात व्यक्तियों के साथ शनिवार सुबह होटल से निकलते हुए सीसीटीवी कैमरे में कैद हुआ था. फिलहाल वो लापता चल रहा है.

## प्रियंका गांधी ने खुद बताई वाराणसी से चुनाव ना लड़ने की असल वजह



**लखनऊ/वाराणसी।** कांग्रेस की महासचिव और पूर्वी यूपी की प्रभारी प्रियंका गांधी ने रविवार को वाराणसी से चुनाव ना लड़ने की वजह को स्पष्ट किया। प्रियंका ने कहा कि पार्टी की ओर से यूपी की 41 सीटों पर उन्हें प्रचार अभियान की जिम्मेदारी दी गई थी, ऐसे में सिर्फ एक सीट पर चुनाव लड़ने की स्थिति में उनके लिए सभी सीटों पर ध्यान लगाना संभव ना हो पाता। पार्टी की ओर से पूर्वी यूपी की प्रभारी बनाई गईं प्रियंका ने स्पष्ट करते हुए कहा कि चुनाव अभियान की जिम्मेदारी के कारण ही उन्होंने वाराणसी लोकसभा से खुद ना उतरने का फैसला किया है।

बता दें कि वाराणसी लोकसभा सीट पर पीएम मोदी को दोबारा प्रत्याशी बनाए जाने के बाद से ही यह अटकलें लगाई जा रही थीं कि कांग्रेस यहां पर किसी राष्ट्रीय नेता को मोदी के खिलाफ चुनाव लड़वा सकती है। इसी बीच प्रियंका गांधी को पूर्वी उत्तर प्रदेश का प्रभारी बनाए जाने के बाद इस प्रकार की अटकलें शुरू हो गई कि गांधी आने वाले वक्त में पूर्वांचल की सबसे प्रतिष्ठित सीट वाराणसी से चुनाव लड़ सकती हैं। इस संभावना को बल देते हुए प्रियंका के पति रॉबर्ट वाड्रा ने भी मीडिया से बातचीत में कहा कि प्रियंका वाराणसी से दावेदार हो सकती हैं।

राजनीतिक चर्चाओं और तमाम संकेतों के बीच कांग्रेस पार्टी ने पीएम के नामांकन के बाद प्रियंका के स्थान पर वाराणसी से पार्टी के नेता और पूर्व विधायक अजय राय को प्रत्याशी बना दिया। अजय राय को प्रत्याशी बनाने के साथ ही प्रियंका के वाराणसी से चुनाव लड़ने की संभावना भी फिलहाल के लिए खत्म हो गई। भले ही तमाम लोगों ने इसे कांग्रेस पार्टी का पीएम नरेंद्र मोदी को वॉक ओवर बताया हो, लेकिन प्रियंका गांधी ने यह स्पष्ट किया कि प्रभारी के तौर पर प्रचार की जिम्मेदारी और पूर्वांचल की अन्य सीटों पर चुनाव प्रबंधन की व्यस्तता के कारण ही उन्होंने चुनाव लड़ने का फैसला नहीं किया।

## मोदी मेकर्स ने चुनाव आयोग को पत्र लिख मांगी प्रचार की अनुमति

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** लोकसभा चुनावों के चलते प्रधानमंत्री नरेंद्र के जीवन पर आधारित फिल्म पीएम नरेंद्र मोदी की रिलीज पर रोक लगा दी गई है. चुनाव आयोग के बाद सुप्रीम कोर्ट ने भी इस रोक को बरकरार रखा. सुप्रीम कोर्ट का मानना है कि अगर चुनाव के वक्त यह फिल्म रिलीज होती है तो इससे बीजेपी को फायदा मिलेगा. पीएम नरेंद्र मोदी 12 अप्रैल को रिलीज होनी थी लेकिन अब इसे लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण के मतदान यानी 19 मई तक रिलीज नहीं किया जा सकता. ऐसे में फिल्म के निर्माताओं ने चुनाव आयोग को एक पत्र लिखा है. निर्माताओं ने चुनाव आयोग से फिल्म के प्रमोशन की अनुमति मांगी है. पत्र में मेकर्स ने आयोग से पूछा है कि जिन जगहों पर आदर्श आचार संहिता लागू नहीं है क्या वहां पर फिल्म का प्रमोशन किया जा सकता है? हालांकि चुनाव आयोग ने इस पर अभी तक कोई जवाब नहीं दिया है. बता दें कि फिल्म को सेंसर बोर्ड से मंजूरी मिलने के बाद भी फिल्म की रिलीज को रोकने के चुनाव आयोग के फैसले के खिलाफ फिल्म के निर्माता ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी. हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने माना कि चुनाव आयोग का निर्णय सही और वैध है।

## भाजपा ने केजरीवाल के खिलाफ चुनाव आयोग में दर्ज कराई शिकायत



**नईदिल्ली (आरएनएस)।** भाजपा ने आम आदमी पार्टी के प्रमुख अरविंद केजरीवाल के खिलाफ मतदाताओं को एफएम रेडियो के विज्ञापन के जरिए 'भ्रमित' करने का आरोप लगाते हुए शनिवार को चुनाव आयोग के पास शिकायत दर्ज कराई। भाजपा ने केजरीवाल पर अवैध घुसपैठियों के संबंध में पार्टी अध्यक्ष अमित शाह के बयान को भी तोड़-मरोड़कर पेश करने का आरोप लगाया। दिल्ली भाजपा के प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर ने चुनाव आयोग के पास एक शिकायत पत्र भेजा है जिसमें उन्होंने आप के एफएम रेडियो विज्ञापन पर आपत्ति जताई है। उन्होंने अपनी शिकायत में कहा, '' रेडियो विज्ञापन में दिल्ली के मुख्यमंत्री को दिल्ली के लोगों को यह कह कर उकसाते हुए सुना जा सकता है कि केंद्र सरकार दिल्ली के लोगों से हजारों करोड़ों रुपये का राजस्व वसूलती है लेकिन सिर्फ 325 करोड़ रूपये ही दिल्ली को देती है।'' उन्होंने चुनाव आयोग से आप के विज्ञापन की विषय-वस्तु की समीक्षा करने का अनुरोध किया।

## पीएम और सीएम पर टिप्पणी करने वाला दारोगा लाइन हाजिर



**जौनपुर (आरएनएस)।** उत्तर प्रदेश में जौंनपुर के सरपतहा क्षेत्र के सरायमोहिउद्दीनपुर पुलिस चौकी के सामने गुरुवार की रात राहगीरों को मारने-पीटने तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर अशोभनीय टिप्पणी करने वाले दरोगा प्रमोद यादव को पुलिस अधीक्षक आशीष तिवारी ने लाइन हाजिर कर दिया। पुलिस सूत्रों ने रविवार को यहां बताया कि सरपतहा थाने में तैनात दारोगा प्रमोद यादव के खिलाफ कई लोगों ने पिटाई, वसूली व पार्टी विशेष को वोट देने की धमकी देने का लिखित आरोप लगाया था।

मामले को गंभीरता से लेते हुए शनिवार को दारोगा के खिलाफ कार्रवाई की गई। उन्होंने बताया कि गुरुवार की रात चौकी के सामने छह से अधिक राहगीरों समेत डीजे संचालकों को रोककर उसने न सिर्फ उनकी पिटाई की बल्कि वसूली के साथ ही प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के खिलाफ अशोभनीय टिप्पणी भी की। पीड़ितों ने अगले दिन सुबह शुक्रवार को थाने का घेराव करने के साथ ही क्षेत्राधिकारी को लिखित प्रार्थना-पत्र दिया। उक्त शिकायत से भाजपा जिला उपाध्यक्ष अजीत प्रजापति के अलावा पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेताओं ने पुलिस अधीक्षक को भी अवगत कराया।

अभी यह मामला शांत भी नहीं हुआ था कि शुक्रवार रात पट्टीनरेंद्रपुर बाजार में एक शराब की दुकान के बगल रेस्टोरेंट पर दरोगा के साथ कुछ लोगों की मारपीट हुई। रेस्टोरेंट में मारपीट को लेकर दारोगा ने भी कुछ लोगों पर मुकदमा दर्ज कराया है। सभी मामलों को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक ने शनिवार शाम को दरोगा को लाइन हाजिर कर दिया।